संतुलित आहार से हमारा अभिप्राय उन सभी पदार्थों से है जो पशुओं की निश्चित समय की समस्त आवश्यकताओं की पूर्ति करें। ऐसे आहारों से पशुओं को लगभग सभी आवश्यक पदार्थ जैसे प्रोटीन, वसा, शर्करा, खनिज-लवण, विटामिन तथा जल आदि उचित मात्रा में प्राप्त होते हैं। इन पदार्थों की हमें और हमारे पशुओं को पोषण और उत्पादन कार्यों के लिये आवश्यकता होती है। इनमें से पोषक आहार हमें विभिन्न अंगों को क्रियान्वित करने की शक्ति प्रदान करते हैं तथा उत्पादक आहार अलग से विभिन्न उत्पादन कार्यों उदाहरणार्थ श्रम तथा दूध उत्पादन में सहायक होते हैं।

हरी ज्वार (चरी) का पशुओं के संतुलित आहार में क्या और कौन-सा स्थान है—जानने के लिए जानवरों पर कई प्रयोग किए गये। परीक्षण के लिये सजातीय, समकक्षीय, समान आयु और समान स्वास्थ्य वाले तीन प्रौढ़ पशु समीपवर्ती हाटों से खरीदे गए। जानवरों को परीक्षण की तैयारियों के लिए कुछ दिनों तो अच्छा चारा और दाना दिया गया, किन्तु शीघ्र ही उन्हें केवल हरी चरी की कुट्टी ही दी जाने लगी। अतः प्रयोग-दिवसीय जानवरों को केवल चरी और एक छटांक नमक के सिवाय और कोई दूसरा चारा या दाना नहीं दिया जाता था और न जानवरों से कोई काम लिया जाता था। परीक्षण प्रारम्भ करने के पूर्व प्रत्येक जानवर का सप्ताह के तीन दिनों का औसत भार ले लिया जाता था। इस अवधि में जानवरों का भार बढ़ा। दो माह पश्चात् जब भार में स्थिरता आई तभी दस-दिवसीय मुख्य प्रयोग प्रारम्भ किया गया। अंत में समस्त आवश्यक पोषक पदार्थों की पचनशीलता और तुल्यभारता जानने हेतु चरी (Sorghum), गोबर और मूत्र का रासायनिक विश्लेषण किया गया, और निष्कासित पदार्थों की मात्रा के साथ ही साथ इनमें विभिन्न आवश्यक तत्वों जैसे प्रोटीन, वसा, कार्बोहाइड्रेट्स, खनिज, लवण तथा पानी की मात्रा भी ज्ञात की गई।

चरी की परिपक्वता के अनुसार ऐसे दो प्रयोग किए गए। परीक्षण के परिणाम निम्नांकित सारिणियों में प्रदर्शित किए गए हैं।

सारिणी नं० १

प्रत्येक १०० भाग सूखे पदार्थ पर चरी की औसत रचना

पदार्थ	प्रथम प्रयोग	द्वितीय प्रयोग
१—कुल प्रोटीन	४.१०	४.००
२—वसा (Ether-extract)	१.६१	१.४५
३—कार्बोहाइड्रेट्स	८६.३५	८५.६३
४—कुल राख	७.९२	८.९१
५—कैल्शियम	०.३२	०.२८
६—फास्फोरस	०.१८	०.५४

उपरोक्त दो विभिन्न रचनाएं दो विभिन्न प्रयोगों की हैं। प्रथम प्रयोग में ज्वार फूलावस्था, और द्वितीय प्रयोग में वह दुग्धावस्था में थी। द्वितीय प्रयोग में खिलाई हुई ज्वार फार्म के एक द्वितीय खेत से ली गई थी। प्रथम और द्वितीय रचनाओं में विभिन्नता के अलावा प्रथम अवस्था वाली ज्वार में ६५ प्रतिशत जल अथवा ३५ प्रतिशत सूखा पदार्थ तथा द्वितीय अवस्था में ५५ प्रतिशत जल एवं ४५ प्रतिशत सूखे पदार्थ विद्यमान थे।

निम्नलिखित सारिणी नं० २ में नाइट्रोजन, केल्शियम और फास्फोरस का आदान प्रदान दिखाया गया है। जानवरों का औसत भार ६८० पौंड था। उन्होंने प्रति एक हजार पौंड वजन पर २२ पौंड सूखे पदार्थ का भक्षण किया। यह ध्यान रहे कि जानवर इस समय पूर्ण आराम की अवस्था में थे।

सारिणी नं० २

प्रथम प्रयोग-औसत मात्रा ग्रामों में प्रति दिन

पदार्थ	ज्वार से प्राप्त मात्रा	विर्सजन (Excretion)			तुल्यता (Balance)
		गोबर में	मूत्र में	कुल योग	
नाइट्रोजन	४४.९७	३१.५१	१०.६०	४२.११	+२.८५
केल्शियम	२०.९४	२३.३४	३.५४	२६.८८	—५.९४
फास्फोरस	१२.२१	७.८२	०.२६	८.०९	+४.१२

उपरोक्त सारिणी से यह स्पष्ट है कि जानवरों की ज्वार से केल्शियम की उचित पूर्ति न हो सकी। ज्वार के साथ यह बात और भी कई बार कितने ही वैज्ञानिकों ने पाई है। इस कमी को पूरा करने के लिये और प्रथम प्रयोग के परिणामों का अनुमोदन करने हेतु एक द्वितीय प्रयोग भी किया गया। इसमें लगभग ६ ग्राम केल्शियम की कमी को पूरा करने के लिये प्रत्येक जानवर को औसतन १२ ग्राम केल्शियम, केल्शियम कार्बोनेट के रूप में दिया गया, यह समझ कर कि केल्शियम कार्बोनेट की पचनशीलता ५० प्रतिशत होती है। इस प्रकार हमें द्वितीय प्रयोग में केल्शियम की कमी पूरा करने में सफलता मिली। प्रयोग के परिणाम सारिणी नं० ३ में दिए गए हैं।

उपरोक्त परिणामों से विदित होता है कि ज्वार पशुओं को एक अच्छे पोषक आहार का काम देती है। केवल केल्शियम की कमी को पूरा करने के लिए हमें चूना प्रदान करने वाले पदार्थ देने पड़ेंगे। कुछ हद तक तो चूना की कमी हम भूमि को उपजाऊ बनाकर दूर कर सकते हैं, किन्तु जानवरों को केल्शियम कार्बोनेट, चाक अथवा हड्डी का चूरा खिला कर

सारिणी नं० ३

द्वितीय प्रयोग—औसत मात्रा ग्रामों में प्रति दिन

पदार्थ	दी गई मात्रा	विर्सजन			तुल्यता
		गोबर में	मूत्र में	योग	
नाइट्रोजन	४६.३४	३१.४४	७.७८	३९.२३	+२.८५
केल्शियम	३४.०४	३०.२३	३.५६	३३.७९	+०.२५
फास्फोरस	३८.५९	३१.७३	०.२०	३१.९७	+६.६२

भी यह कमी पूर्ति की जा सकती है। किन्हीं फार्मों पर तो चूने को पानी पिलाने वाले हौज में घोल दिया जाता है। इससे एक तो पानी सुन्दर और उजला बन जाता है, साथ ही फार्म वाले जानवरों में केल्शियम की कमी का भय भी दूर हो जाता है।

इसके अतिरिक्त ज्वार आजकल सभी मौसमों में पाया जाने वाला चारा है। नागपुर में जाड़ों में उगाई जाने वाली ज्वार पर अनेकों प्रयोग किए जा चुके हैं। यहां की निकली हुई कुछ जातियां सभी जगह और सभी मौसमों में उगाई जा सकेगीं। ज्वार एक उपयोगी और सस्ता चारा है जो बिना किसी विशेष देखरेख के अधिक से अधिक सूखे पदार्थ की मात्रा प्रदान करता है। जानवर ज्वार और ज्वार से बने साइलेज और कड़वी को बड़े चाव से खाते हैं। ग्वार और चरी को साथ-साथ खिलाने से पशुओं के दूध में भी बढ़ोतरी पाई गई है। वर्तमान प्रयोगों से और इस प्रयोग से यह सिद्ध हो चुका है कि भारत की आधुनिक परिस्थितियों में जहां जानवरों को दाना तो क्या अच्छा हरा चारा भी प्रदान नहीं किया जा सकता, ज्वार एक अच्छा खासा पोषकीय भोज्य पदार्थ है, जो जानवरों को बिना किसी डर के किसी भी अवस्था में अधिक से अधिक मात्रा में खिलाया जा सकता है। दूध देने वाले उत्पादक पशुओं और कार्यरत जानवरों के लिए यह थोड़े से दाने के साथ एक बहुत ही उपयोगी चारा है।

●

मितव्ययता से चारे का उपयोग

ची० ना० दवे

टेकनीकल आफिसर, केन्द्रीय गोसंवर्धन परिषद

पशुओं के स्वास्थ्य तथा कार्य क्षमता पर बुरा प्रभाव पड़े बिना चारे के वर्तमान साधनों का कैसे मितव्ययी ढंग से उपयोग किया जाय ? यही सवाल पशुपालन की प्रबन्ध-सम्बन्धी बुनियादी समस्याओं में एक है । भिन्न साधनों द्वारा पशु के लिये चारे की अनुमानित आवश्यकता तथा प्राप्ति का नीचे विवरण (लाख टनों में) दिया जा रहा है ।

चारे का नाम	अनुमानित आवश्यकता	अनुमानित वर्तमान सप्लाई	सप्लाई में घाटा
कड़बी	१९००	१३००	६००
हरा चारा	२८९०	११२०	१७८
चराई	५२७०	४५३०	७४०

उक्त विवरण से स्पष्ट होता है कि हमारे वर्तमान पशु-धन के लिये चारे की कमी है । इसके अतिरिक्त आबादी में करीब एक से डेढ़ प्रतिशत की वृद्धि हो रही है इसलिये अधिक अन्न उपजाने के लिये अधिकांश भूमि खेती योग्य बनायी जा रही है । इसी प्रकार पशुसंख्या की वृद्धि के कारण चारे की और भी कमी होती जा रही है । फलस्वरूप पशु के लिये आंशिक अकाल की स्थिति उत्पन्न हो रही है जिस से प्रजनन तथा उत्पादक क्षमता को नुकसान पहुंच रहा है ।

जहां कहीं चारा उगने की सुविधाएं हों, वहां चारे के उन्नत तरीकों को काम में लाने के अलावा, पशुपालकों के लिए अतिरिक्त खर्च के बिना आसानी से अपनाये जाने लायक कुछ प्रबन्ध-सम्बन्धी सुगम तरीकों का आगे जिक्र किया जा रहा है । उन तरीकों का वर्गीकरण इस प्रकार है :

१––खिलाने के पहले चारे को सुरक्षित रखना,

२––नादों का उपयोग,

३––खाद्य-क्रम,

४––अनुपयुक्त चारों को सुधारना ।

चारे को सुरक्षित रखना

हरे तथा सूखे दोनों प्रकार के चारे पशुओं को दिये जाते हैं । आमतौर पर वर्ष के अधिकांश भाग में सूखा चारा खिलाया जाता है लेकिन जहां कहीं पर्याप्त सुविधाएं हों वहां वर्षा ऋतु में प्राप्त अतिरिक्त हरे चारे को साइलेज में बदल दिया जाय । विशेषकर गर्मी के महीनों में हरा चारा बहुत महंगा बिकता है, इसलिये उस समय साइलेज हरे चारे की कमी दूर कर सकता है । यदि आवश्यक श्रम प्राप्त हो तो साइलेज बनाये जाने वाले हरे चारे को अच्छी तरह काटा जाय । खिलाने के पहले चारा सुरक्षित रखने के और भी तरीके हैं, उनमें से कुछ का नीचे जिक्र किया जा रहा है ।

गंडासा से काटना

जब पशुपालक के पास एक या दो पशु रहते हैं तब वह इसका इस्तेमाल करता है । हाथ के गंडासे से खिलाये जाने वाले सूखे या हरे चारे को छोटे-छोटे टुकड़ों में काट दिया जाय ।

हस्त चालित कुट्टी मशीन

इस प्रकार की अनेक मशीनें हैं जिनका दाम एक सौ से डेढ़ सौ तक का होता है । देहाती लुहार और बढ़ई बहुत आसानी से तथा मितव्ययता से अच्छे किस्म का गंडासा तैयार कर सकते हैं । वह इस प्रकार बनाया जाय :––

(१) ३। फुट लम्बी, ४। फुट चौड़ी और ३ अंगुल मोटी लकड़ी के कुन्दे से गंडासा बनाया जाय और लकड़ी के बीच में छेद हो जहां ऊपर से ५ इंच की दूरी पर फल लगाया जाय ।

(२) लोहे का फल ढाई अंगुल लम्बा, ढाई अंगुल चौड़ा और ¼ अंगुल मोटा हो । फल डेढ़ अंगुल की दूरी पर ऊपर की ओर झुका हुआ हो और बाकी नौ अंगुल भाग पकड़ने के लिये हो ।

(३) काटने के गंडासे का भार लगभग बीस पौंड का होता है और उसका दाम करीब १५ से २० रुपये तक होता है। किसानों को आसानी से मिलने वाले बाबुल, रायन या सीसम जैसी ठोस लकड़ी से गंडासा बनाया जाय और लकड़ी का कुन्दा, जहां तक हो सके, भारी हो। इस प्रकार प्रयुक्त लकड़ी तथा फल के घनत्व के कारण दाम भी कम होगा।

(४) साधारणतया इस प्रकार के गंडासे में प्रतिरोज एक हजार पौंड हरा चारा या पांच से ६ पौण्ड तक सूखा चारा काटने की क्षमता होती है। २ या ३ घंटों के विराम पर मजदूर बदल कर या फल को तेज़ करके काटने की क्षमता को और भी बढ़ाया जा सकता है। विशेष कर जब हरा चारा खिलाया जा रहा हो तो उसे ६ इंच से १२ इंच तक छोटे टुकड़ों में काटना आवश्यक नहीं है लेकिन केवल सूखा चारा खिलाते समय या हरे चारे में मिलाते समय आधे इंच से एक इंच के छोटे टुकड़ों में सूखा चारा काटना जरूरी है।

बैलों से चलने वाली कुट्टी मशीन

यह मशीन बैलों के जोड़े से चलती है और इससे घास काटने में बहुत सुविधा होती है। बैल तथा मशीन के प्रबन्ध के लिये दो आदमी तथा दो औरत मजदूरों की आवश्यकता पड़ती है। यह मशीन प्रति घंटा औसतन ३०० पौंड सूखे चारे को १ इंच टुकड़ों में काटती है। इस प्रकार के उपकरण का दाम करीब ३७५ रुपये है जिस में कुट्टी-मशीन का करीब १०० से १२५ रुपये तक का दाम भी शामिल है।

बिजली से चालित कुट्टी मशीन

ये मशीनें बड़े डेरी फार्मों में जहां कई पशुओं को दैनिक आहार दिया जाता है रखी जाती हैं और शहरों के पशु-पालकों को कटा चारा बेचने वाले व्यापारी भी इनका प्रयोग करते हैं। साधारणतया इस प्रकार की कुट्टी-मशीन के साथ ही स्वयंचालित धमनी लगी रहती है जो कटे चारे को संग्रहालय में जमा कर देती है।

नांद

पशुओं को नांदों में आहार खिलाने से केवल चारे का सदुपयोग ही नहीं होता बलिक आहार में दाने के छोटे टुकड़ों को भी आसानी से मिलाया जा सकता है। ऐसे प्रबन्ध से सभी पशुओं को समान अनुपात से आहार मिलता है। सभी पशुओं को एक ही समान नाँद में आहार देने से दुर्बल पशु अपनी आवश्यकता के अनुसार चारा खाने में असमर्थ हो जाते हैं क्योंकि बलवान पशु उन्हें पेट भर खाने नहीं देते।

खाद्यक्रम

यदि चारा काटे बिना थोड़ा-थोड़ा करके खिलाया जाय तो उपभोग तथा चारे के अवशेष अंश पर बहुत प्रभाव पड़ता है। साधारणतया जब पशुओं को बांध कर खिलाया जाता है तो उन्हें प्रतिदिन तीन से चार बार आहार दिया जाय। कुछ सतर्क पशुपालक रात को भी अपने पशुओं को दो बार चारा खिलाते हैं।

चारे का उपयोग

जब पशुओं को काटे बिना चारा खिलाया जाता है तो पशु चारे के मुलायम अंश को खाने तथा बाकी अंश को यों ही छोड़ देने का आदी हो जाता है। निम्नलिखित तरीकों से अवशेष चारे को उपयोगी किया जा सकता है:

१—शेष चारे को सूरज की धूप में डाला जाय।

२—इसमें ताजा चारा मिलाया जाय।

३—पशु के चारा खाते समय नाँद में बार बार इसे हिलाया जाय।

४—आहार नाँद में चारे पर नमक पानी के साथ, गेहूं, भूसी, धान, मूंगफली खली, कपास-बीज जैसा कुछ दाना छिड़क दिया जाय।

ऐसा करने से पशु चाव से चारा खाते हैं, विशेषकर कटा चारा पशु अधिक खाते हैं। इसलिये यह साफ जाहिर होता है कि नाँदों में कटा चारा खिलाने के कई लाभ हैं, जैसे:—

१—चारे का बहुत अंश नष्ट होने से बच जाता है। पशु पैरों से रौंद कर या ऊपर पेशाब-गोबर करके अधिकांश चारे को अनुपयोगी कर देते हैं। नाँद में आहार खिलाने से २५ से ४० प्रतिशत तक चारे का बचाव होता है।

२—पशु नाँद में रखे पूरे चारे को समान रूप से खा जाते हैं। चारा कटा हुआ होने के कारण पशु अपनी इच्छानुसार चारे का चुनाव नहीं कर सकते। विभिन्न चारों को छोटे-छोटे टुकड़ों में काट देने के फलस्वरूप पशुओं को मिश्रित आहार खाना पड़ता है।

३—वर्तमान चारे की कमी नाँदों में मितव्ययी तरीके से चारा खिला कर आसानी से दूर की जा सकती है। पशु मालिकों को भी इसमें फायदा होता है। अतः यदि धान की मशीनों की तरह कुट्टी-मशीनें हरेक गांव में, विकास खण्ड तथा सहकारिता क्षेत्र में लगाई जायें तो पशुपालक उनसे पूरा लाभ उठा सकेंगे।

डेरी बछड़ों का सफल उन्नयन

हरीश सी. सक्सेना

राजस्थान कृषि कालेज, उदयपुर

उत्तम बछड़ों के जन्म के पहले ही उनके उन्नयन का काम शुरू हो जाता है। गर्भकाल के आखिरी तीन मास बहुत महत्त्वपूर्ण होते हैं, इसलिये गाय को इस मौके पर पौष्टिक आहार देना चाहिए ताकि वह अपने स्वास्थ्य को सुगमता से बनाये रख सके और गर्भस्थित बढ़ते बच्चे को पर्याप्त आहार दे सके। दुग्धकाल के बीच कम से कम साठ दिन का विराम होना चाहिए। सफल गर्भधारण के बाद गायें औसतन करीब २८० दिनों में प्रसवती हैं। इसलिये पशुओं में गर्भकाल २७५ से २८७ दिन तक बढ़ सकता है। प्रसवने का समय निकट आने पर गाय की सावधानी से देखभाल होनी चाहिए। बछड़ों के जन्म के कई दिन पहले ही गाय को गोयूथ से अलग कर दिया जाय और उसे एक स्वस्थ ब्यातशाला में रखा जाय। शाला को साफ सुथरा रखा जाय ताकि स्वच्छ तथा सूख स्थान पर बछड़े का जन्म हो सके।

गाय का फूलना, उसकी योनि का बढ़ना आदि ब्याना निकट आने के प्रथम संकेत हैं। साधारण परिस्थितियों में गाय बिना किसी मदद के प्रसवती है। स्वस्थ बछड़ा पन्द्रह मिनट के अन्दर ही उठने का प्रयत्न करता है और आमतौर पर आध घन्टे के अन्दर दूध पीने लगता है। यदि उसे दूध पीने में कोई दिक्कत हो तो स्तनपान करन में उसको सहारा दिया जाय। बछड़े का सूखा तथा उष्ण रहना जरूरी है। अगर वह कांपने लगे तो पुराने कपड़े से उसे ढकना चाहिये।

अगर गाय प्राकृतिक ढंग से प्रसवती हो तो वह तुरन्त नवजात बछड़े को चाटने लगती है, उसे श्वास लेने में मदद देती है, उसके रक्त संचार को सुधारती है और बछड़े को सूखा बना देती है। बछड़े की आवश्यक देखभाल के तुरन्त बाद नाभि काट देना चाहिये ताकि उसके जरिये कीटाणु बछड़े के शरीर में प्रवेश न कर सकें।

बछड़े के जन्म के बाद गाय पहली बार जो दूध देती है उसे खीस कहते हैं। खीस स्निग्ध, रंग में पीला होता है और उसमें साधारण दूध की अपेक्षा विटामिन 'ए' तथा दूसरे पौष्टिक तत्व अधिक होते हैं। खीस रेचक होती है और उसमें बछड़े को तब तक रोग मुक्त रखने के तत्व रहते हैं जब तक कि वह आत्मनिर्भर न हो जाय। खीस का विशेष काम बछड़े को प्राणतत्व प्रदान करना है। साधारणतया प्रारम्भ के तीन चार दिन या दूध के साधारण अवस्था में आने तक बछड़े को खीस पिलाया जाता है। अगर गाय मर जाने के कारण खीस न मिले तो साधारण दूध में रोज २ औंस अरंडी का तेल मिला कर बछड़े को पिलायी जाय।

जन्म के बाद बछड़े को उचित रूप से आहार देने का काम बहुत महत्त्वपूर्ण होता है। अधिकांश किसान ब्याने के बाद कई महीने तक बछड़े को गाय का दूध पीने देते हैं, जब कि कुछ किसान जन्म के बाद बछड़े को गाय से अलग कर देते हैं और वे उसे दूध नहीं पीने देते। बछड़े को इस ढंग से पालने के भी कुछ लाभ हैं। बाल्टी के जरिये खिलाने से बछड़े के आहार पर नियन्त्रण रखा जा सकता है। दूध छुड़ाने के बाद यदि बछड़ा मर जाय तो गाय पर उतना बुरा प्रभाव नहीं पड़ेगा जितना कि वर्तमान तरीके में पड़ता है। बछड़े उन्नयन का कोई भी तरीका अपनाया जाय लेकिन महत्त्वपूर्ण बात यह है कि उसे नियमित विरामों पर पर्याप्त पोषाहार दें।

बछड़े के आहार पर उसे पिलाये जाने वाले दूध का अनुपात निर्भर करता है। आम नियम के अनुसार शरीर भार के प्रति दस पौंड के लिये करीब एक पौंड दूध पिलाया जाता है। करीब चालीस पौंड के एक सिन्धी बछड़े को लगभग चार पौंड दूध पिलाया जाता है जबकि साठ पौंड वाले एक गीर बछड़े को प्रतिरोज करीब छः पौंड दूध पिलाया जाता है।

जैसे-जैसे बछड़ा बढ़ता जाता है दूध का अनुपात भी उसी हिसाब से बढ़ाया जाता है। लेकिन प्रतिदिन १२ पौंड से अधिक दूध नहीं पिलाना चाहिये। प्रतिरोज दो या तीन बार समान अनुपात में दूध दिया जाय। बछड़े को गाय के अयन से ताजा दूध दिया जाय जो ९०° से २००° प्रति एफ० (फारेनहाइट) का हो। यदि दूध में पांच प्रतिशत से अधिक स्नेह हो तो दूध पिलाते समय गर्म पानी मिलाकर उसे कम कर दिया जाय अन्यथा अधिक स्निग्ध युक्त दूध पीने से बछड़ा अपचन या जुलाब रोग का शिकार हो जाता है। तीन या चार सप्ताह के बछड़े को दूध में डेढ़ पौंड नमकीन पानी मिला कर पिलाना अधिक लाभदायक होता है। नमकीन पानी दूध को दही के रूप में जमने से रोकता है और एक सप्ताह के बछड़े जल्दी जमे दूध को पचा भी नहीं सकते। हालांकि अनुसन्धानों से पता चला है कि दैनिक दुग्धाहार में ५० मिलीग्राम आरोमाइसीन या टेरामाइसीन के मिलाने से बछड़ों की अच्छी वृद्धि हुई है और जुलाब का निवारण भी हुआ है।

पूर्ण दूध ही बछड़ों का उत्तम आहार है, जो उनको स्वस्थ रखता है और जुलाब रोग से उनको बचाता है। बछड़े को तीन मास की उम्र तक पूर्ण दूध दिया जाय, लेकिन बछड़ों के उन्नयन का यह खर्चीला तरीका है। इससे मितव्ययी तरीका यह है कि बछड़ों को तीन सप्ताह की उम्र से क्रीम निकला दूध दिया जाय। एक पौंड पूर्ण दूध में एक पौंड क्रीम निकला दूध मिलाया जाय। आहार की अदला-बदली क्रमशः होनी चाहिए और एक आहार से दूसरे आहार में बदलने में कम से कम दस दिन का समय लगे। बछड़े को तीन मास की उम्र तक क्रीम निकला दूध दिया जा सकता है। जब बछड़ा उचित अनुपात में दाना तथा मोटा चारा खाने लगे तब दूध देना बन्द किया जा सकता है। दस-बारह दिन के बछड़ों को अधिक हरा घास बरसीम आदि न दिया जाय। बछड़े को चार मास की उम्र तक सूखा घास दिया जाय, बाद में हरा चारा। छः मास की उम्र के बाद बछड़ों को यथासंभव चरागाहों में छोड़ दें।

ज्योंही बछड़ों को क्रीम निकला दूध पिलाया जाय उन्हें दाना खाना सिखाया जाय, ताकि क्रीम निकाल देने के कारण दूध में पौषाहार की पूर्ति हो सके। निम्नलिखित दाना-चूर्ण बछड़ों के आहार में मिलाने की सिफारिश की जाती है:

फलीदार घास खिलाते समय		आम घास खिलाते समय	
मकई	५५ प्रतिशत	मकई	४५ प्र०श०
गेहूं भूसी	२० ,,	गेहूं-भूसी	२० ,,
अलसी-खली	२० ,,	अलसी-खली	३० ,,
मछली चूर्ण	२ ,,	मछली चर्ण	३ ,,
गर्माये हड्डी चूर्ण	१ ,,	गर्माये हड्डी चूर्ण	१ ,,
लोह जड़ नमक	१ ,,	लोह जड़ नमक	१ ,,

जब तक बछड़े दो पौंड के दर पर उपभोग करें उन्हें सभी दाना-चूर्ण देना चाहिये। इसके बाद उनको भार तथा क्षमता के अनुसार दाना दिया जाय। तीन सप्ताह की उम्र के बाद बछड़ों को स्वच्छ पानी दिया जाय। बाल पशुओं के लिये अधिक पानी की आवश्यकता है।

स्वस्थ डेरी बछड़ों के उन्नयन के लिये यह भी आवश्यक है कि उन्हें हवादार, रोशनदार तथा साफ-सुथरे बाड़ों में रखा जाय। प्रति बछड़े के लिये २४-३० फुट जगह की जरूरत है। एक सप्ताह की अवस्था में ही नर तथा मादा पशुओं के सींग निकाल देने चाहिये। सींग निकालने के लिये आमतौर पर काष्टिक पोटाश छड़ी का उपयोग किया जाता है। कुछ किसान पशुओं को चोट न लगने तथा देखभाल करने वालों को हानि न पहुंचने के लिये सींग निकालना ठीक समझते हैं।

सफलतापूर्वक डेरी बछड़ों का उन्नयन होना चाहिए क्योंकि वे भविष्य के पशु हैं और बछड़ों के सफल उन्नयन पर ही पशु विकास की सारी योजनाएं निर्भर करती हैं। इस बनियादी पहल पर अधिक ध्यान दिया जाय।

★

कृषि और पशुपालन... (पृष्ठ २६ का शेष)

आवश्यक सभी सुविधाएं दी जायें। चराई क्षेत्र, पशुचिकित्सा सहायता, चारा उगाने के लिये भूमि, पशुओं के लिये मकान बनाने, उचित दाम पर पशुओं के क्रय-विक्रय आदि की उपयोगी सुविधाएं देने से पशुपालन का बहुत विकास हो सकता है। उत्तम सांड तथा गाय खरीदने के लिये निजी पशुपालकों को सुगम शर्तों पर अनुदान भी दिया जाय। एक राज्य से दूसरे राज्य में पशु खरीदने, बेचने तथा उन्हें ले जाने की भी पूरी सहूलियतें दी जायें। इन सुविधाओं के बदले में केवल इतनी-सी शर्त लगाई जाये कि वे पहले सम्बन्धित राज्य के पशुपालन विभाग को ही उनके पशु खरीदने का अवसर दें। इसी प्रकार उत्तम बछड़ों को पालन-पोषण करने वाले किसानों को भी सशर्त सहायता दी जाय।

बछड़ों के खाने की व्यवस्था



पशुओं को नीरोग कैसे रखें

गोपालदास अग्रवाल

हमारी ही असावधानी व भूल के कारण पालतू पशु समय-समय पर बीमार पड़ जाते हैं और हम उनकी रक्षा नहीं कर पाते। हमारे पशु किस प्रकार स्वस्थ रहें, इस संबंध में कुछ सरल उपाय इस प्रकार से हैं :

(१) बीमार पशुओं को स्वस्थ पशुओं के साथ नहीं बांधना चाहिए क्योंकि छूत की बीमारियों के कीटाणु उड़ कर सभी पशुओं पर आक्रमण कर देते हैं और पशु रोगी हो जाते हैं। इसलिए बीमार तथा रोगी पशु को स्वस्थ पशुओं से अलग ही रखना चाहिए।

(२) जिस स्थान पर पशु बांधे जायें वह जगह साफ-सुथरी होनी चाहिए क्योंकि गंदगी के कारण ही प्रायः पशु बीमार पड़ जाते हैं।

(३) बीमार पशुओं के खाने के बाद जो चारा या भूसा बचे उसे स्वस्थ पशुओं को नहीं खिलाना चाहिए। इससे स्वस्थ पशु कभी-कभी भयंकर रोग में फंस जाते हैं और रोग से छुटकारा पाना मुश्किल हो जाता है।

(४) पशुओं को गरमी-सरदी और वर्षा से बचाने के लिए प्रतिदिन छप्पर या छत के नीचे ही बांधने का प्रबन्ध करें।

(५) प्रत्येक जानवर को पर्याप्त मात्रा में चारा देते रहिए। इसके अभाव में पशु बीमार पड़ सकता है। नियत समय पर दाना-पानी अवश्य दे दें। सरदी के दिनों में पशु को कम से कम चार-पांच बार पानी पिलाना चाहिए।

(६) जिन पशुओं से अधिक परिश्रम लिया जाय उन्हें उनकी तन्दुरुस्ती के अनुकूल पर्याप्त मात्रा में पौष्टिक भोजन अवश्य दें, नहीं तो पशु बीमार पड़ जाता है।

(७) पशु को पौष्टिक खाद्य देकर उन्हें खूंटे पर ही न बांधे रखिए। दिन में उन से थोड़ा बहुत काम अवश्य ले लें। अथवा मील दो मील घुमाना ही पर्याप्त होगा।

(८) गांवों में पशु प्रायः गन्दे पोखरों का पानी पीते रहते हैं जिससे बीमार पड़ जाते हैं और रोगी हो जाते हैं। पशुओं को स्वस्थ रखने के लिए सदा ही कुएं का साफ और स्वच्छ पानी पिलाइए।

(९) चारे तथा भूसे में रेत व गन्दी वस्तुएं मिली रहती हैं। पशु को खिलाने के पहले चारे तथा भूसे को पानी से धोकर रेत मिट्टी निकाल कर साफ कर लें।

(१०) दूध बढ़ाने के लिए चोकर भसी आदि पौष्टिक पदार्थ भी दें, कम से कम चार गुना पानी मिला कर ही दें।

(११) दूध देने वाले पशुओं का दूध निकालते समय उनके सामने खली, गुड़ अथवा चोकर रखने से पशु चुपचाप खड़ा रहता है और दूध भी बढ़ जाता है।

(१२) चोकर, खली, चूनी, भूसी, खिलाने के चौबीस घन्टे पहले एक साफ बर्तन में पानी में भिगो दें, फिर पशु को खिलाएं, इससे स्वास्थ्य ठीक रहेगा।

(१३) पशुओं के सामने नमक का एक बड़ा-सा ढेला पड़ा रहने दें जिससे वे इच्छानुसार चाट सकें। नमक पशु के स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है कभी कभी बुझा हुआ चूना पानी में घोल कर पिलाना चाहिए।

(१४) दूध निकालने के लालच में पड़ कर पशुओं को ऐसी दवाएं न खिलाएं कि जिससे कुछ दिन के लिए दूध बढ़ जाय। यह अप्राकृतिक है।

(१५) दूध देने वाले पशुओं के बच्चों को पर्याप्त मात्रा में दूध पीने देना चाहिए इससे बछड़ों का स्वास्थ्य ठीक रहता है और मादा पशुओं की प्रजनन शक्ति भी नष्ट नहीं होती है।

●

गो सं व र्ध न

में

विज्ञापन

देकर

अपनी वस्तुओं

का

प्रचार करें

गोसंवर्धन विज्ञापन का श्रेष्ठ माध्यम है।

पशुओं के लिए बरसीम

प्रत्येक कृषक को हरे चारे की उन फसलों को अपनाना चाहिए जिनसे कि उसे वर्ष भर आवश्यकतानुसार चारा पर्याप्त मात्रा में मिल सके। चारे की ऐसी अधिक पैदावार के लिए सिंचाई साधनों का होना आवश्यक है। अतः जिन क्षेत्रों में सिंचाई साधन हैं वहां ऐसी फसलों का पैदा करना जो कि प्रति एकड़ भूमि में अन्य चारों की फसलों की अपेक्षा अधिक चारा देती हों उचित होगा। इन और अन्य गुणों वाली एक ऐसी ही फसल है बरसीम।

बरसीम सब चारों की अपेक्षा एक अत्यन्त पौष्टिक और चिरस्थायी पशु भोजन है। सन् १९०४ में प्रथम बार संयुक्त भारत के सिन्ध प्रान्त में इसका प्रयोग किया गया था। तदुपरान्त यह अन्य प्रान्तों में अपने गुणों के कारण थोड़े से प्रचलन परिश्रम से स्वयं ही कृषकों में प्रचलित एवं प्रसिद्ध हो गयी। प्रोटीन की मात्रा अधिक होने के कारण इसमें पौष्टिकता अधिक है। हरा काटकर खिलाने के साथ-साथ इसे सुखा कर भी रखा जा सकता है। मवेशी इसे बड़े चाव से खाते हैं।

धान, कपास एवं मक्का आदि फसलों के उपरान्त इसे सुगमता से खेत में बोया जा सकता है। सिंचाई क्षेत्रों के फसल चक्रों में यह एक विशेष स्थान रखती है। फलीदार फसलों की भांति इसकी जड़ों में रहने वाले कीटाणु वायु मण्डल से नत्रजन लेकर भूमि में एकत्रित करते हैं जिससे कि भूमि के नत्रजन में वृद्धि होती है। इससे चारे की नियमित पैदावार शरद ऋतु के आरम्भ से लेकर ग्रीष्मकाल के आरम्भ तक मिलती है, दूसरे शब्दों में दिसम्बर से अप्रैल के आरम्भ तक। यदि इस फसल की उचित रूप से देखभाल की जाय तो यह एक ऋतु में छै कटाई तक दे सकती है। अन्य चारों की अपेक्षा यह प्रति एकड़ अधिक चारा प्रदान करती है। यह दूध की पैदावार को बढ़ाती है। भूमि की ऊपर दशा का सुधार करती है। फसल चक्र में रखने से इसके उपरान्त बोई जाने वाली फसल की उपज में वृद्धि होती है। शरद् ऋतु में जब कि चारे की विशेष कमी रहती है इससे प्रति एकड अधिक और नियमित रूप से चारा प्राप्त होता है।

भूमि

इस फसल के लिये सर्वोत्तम भूमि वह है जिसम रेत और चिकनी मिट्टी बराबर भाग में हो तथा जिसमें पानी अधिक देर न ठहरता हो। पानी ठहरने से फसल मर जाती है, इसलिये ऐसे खेतों में निकासी की अच्छी व्यवस्था होनी चाहिए। निर्बल बलुई मिट्टी को छोड़ कर सभी प्रकार की मिट्टी में बरसीम पैदा की जा सकती है। लेकिन बलुई दुमट मिट्टी इसके लिए सबसे अच्छी होती है। नमी को शोषण करने वाली मिट्टी अधिक लाभप्रद है।

खेत की तैयारी भी खरीफ की फसल काटने के पश्चात् एक-दो जुताई मिट्टी पलटवाने वाले हल से करनी चाहिए। तत्पश्चात् एक या दो जुताइयां देशी हल से करके और पाटा चला कर मिट्टी भुरभुरी की जानी चाहिए। बोनी-बरसीम की बुवाई शीघ्रतम, सितम्बर के मध्य सप्ताह से आरम्भ होकर नवम्बर के अन्तिम सप्ताह तक चलती है। प्रान्त (मध्य प्रदेश) के गर्म भागों में सितम्बर के अन्त तक बोनी रोक दी जाती है। यदि यह उस से पहले बोई जाती है तो बरसीम का कोमल पोधा उष्णता से मर जाता है। बोने से पूर्व बीज पानी में १० से १२ घण्टे तक रखा जाता है। फिर उसे गीली भूमि पर छिड़क दिया जाता है इसके उपरान्त पानी में पेड़ की एक शाख फिराने से बीज मिट्टी से ढक जाता है। बीज सूखी भूमि पर भी छिड़का जा सकता है लेकिन उसे हरा करने के बाद सींचा जाता है। यह देखा गया है कि बरसीम बोने का सबसे अच्छा तरीका खेत की सिंचाई कर खेत में भरे पानी पर बीज छिड़कना है।

बीज की मात्रा

पंजाब तथा उत्तर प्रदेश में, जहां यह कुछ समय से प्रचलित है, १० सेर बीज प्रति एकड़ की प्रथा है। ग्वालियर में अक्टूबर में अधिक गर्म होने से एक एकड़ के लिए १० से १२ सेर बीज पर्याप्त पाया गया है। इनाक्युलेशन—जिस प्रकार से अन्य दाल वाली फसलें वातावरण से अपनी जड़ों में जीवांश द्वारा

नत्रजन ग्रहण करती हैं उसी प्रकार से बरसीम भी ग्रहण करती है। यदि ये कीटाणु मिट्टी में न हों तो बहुत थोड़ी नत्रजन एकत्रित होती है तथा पौधा कमजोर रह जाता है। इसलिए बरसीम खेतों में पहली बार बोने पर अच्छी नहीं होती जिनमें कि कीटाणु नहीं पाए जाते हैं। यह कठिनाई मिट्टी का इनाक्युलेशन द्वारा करने से दूर की जा सकती है। इसे दो प्रकार से कर सकते हैं।

(१) वह मिट्टी जिस में बरसीम बोई हो उसे दूसरे खेत में जिस में बरसीम बोनी हो २ से ४ मन तक प्रति एकड़ छिड़क कर डालना पर्याप्त होगा।

(२) इसके लिए खास कल्चर तैयार किया जाता है। उसे उपयोग में लिया जा सकता है। एक पूरे साइज का कल्चर एक एकड़ के बीज को इनाक्युलेट करने के लिए काफी होगा।

पहले आधा सेर का १० प्रतिशत वाला शक्कर या गुड़ का घोल बना लिया जाता है। यह द्रव्य फिर गनीबेग (बोरा) के अन्दर रखे हुए बीजों में छिड़का जाता है या बीजों को फर्श पर डाल कर भी घोल में मिलाया जाता है। फिर ये बीज धूप में सुखाए जाते हैं। घोल से मिले हुए बीजों को बोने से पहले २४ घण्टे से अधिक नहीं रखना चाहिए क्योंकि सूखने से कीटाणु की जीवन शक्ति नष्ट हो जाती है जो कि अन्त में मर जाते हैं। सूर्य की रोशनी भी इन बीजों के लिए हानिकारक है। इसलिए संध्या समय या बदली के दिनों में बोना अच्छा रहता है।

प्रयोग द्वारा ज्ञात हुआ है कि इनाक्युलेटेड तथा जो इनाक्युलेटेड नहीं किए ऐसे बीज की तुलना करने पर इनाक्युलेटेड बीजों से ७६ प्रतिशत चारा अधिक हुआ। उन खेतों में इनाक्युलेशन की आवश्यकता नहीं है जिनमें बरसीम एक बार भी बोई गई हो तथा जिन खेतों में सफल रही हो।

सिंचाई

प्रथम सिंचाई बोते समय बीज खेत में छिड़कने के उपरान्त की जाती है। बीज खेत में सिंचाई के पहले छिड़कने से अंकुरण नहीं होते।

एक हल्की सिंचाई बोने के एक सप्ताह बाद की जाती है जिससे फसल अच्छी प्रकार अंकुरित हो जाती है। उसके बाद सिंचाई आवश्यकतानुसार की जाती है। लगभग १५ दिनों के अन्तर गर्मी की वजह से घटायी जाती है। जिन फसलों को बीज के लिए रखा जाता है उनमें सिंचाई जल्दी की जाती है। <u>काटने का समय</u>—पहली कटाई प्रायः बोने के लगभग डेढ़ माह बाद जब पौधे ९ या १० इंच तक बढ़ आते हैं तब की जाती है। यह कटाई लगभग दिसम्बर के अन्तिम या जनवरी के प्रथम सप्ताह में शुरू होती है तथा दूसरी कटाई एक माह के अन्तर पर की जाती है। पहली कटाई शीघ्र करने से बढ़वार अच्छी आती है। अक्टूबर की बोई हुई फसल से अप्रैल तक पांच कटाई की जा सकती हैं।

उपज

एक एकड़ में ८०० से १००० मन तक हरा चारा प्राप्त हो सकता है। यह उपज ग्वालियर में किए गए प्रयोगों में में प्राप्त हो चुकी है। <u>बीज के लिए</u>—बीज के लिए फरवरी के बाद कोई भी कटाई नहीं करते परन्तु समय-समय सिंचाई करते रहना अति आवश्यक है। अप्रैल के अन्त तक बीज पक जाता है। बीज की औसत आज २ या ३ मन प्रति एकड़ है। अच्छा बीज पीला चमकीला, हृष्ट पुष्ट, सुडौल व खरपतवार के बीजों से मुक्त होना चाहिए। बहुत से बरसीम के बीजों के नमूनों का विश्लेषण करने पर पता चला है कि बरसीम का बीज तीन रंगों का होता है पीला, लाल तथा भूरा। पूर्ण पके हुए बीजों का रंग पीलापन लिए रहता है। पीले, लाल तथा भूरे बीजों की अंकुरण संख्या क्रमशः ८०-८५ तथा २५ प्रतिशत होती है।

—'किसानी समाचार' से

★

महान आत्माओं की दृष्टि में गाय

संकलनकर्त्ता--जगन्नाथ मिश्र गौड़

"गाय करुणा की कविता है"

"गाय भारत के वैदिक युग की जीवित प्रतिमा है।"
"गोसेवा का कार्य स्वराज्यप्राप्ति से भी कठिन है।"

--महात्मा गांधी

"मैं बिना राष्ट्र के पशुओं का स्वप्न देख सकता हूं, किन्तु मैं बिना पशु के किसी राष्ट्र की कल्पना नहीं कर सकता।"

--सर विलियम वेडरवर्थ

"गाय मनुष्य जाति की मूक जननी है।" --वर्डस्वर्थ

"गाय मेरी मूक जननी है।" --टाल्सटाय

"जहां गाय रखी जाती है, उसकी रक्षा की जाती है, वहां सभ्यता का विकास होता है, जमीन की उन्नति होती है, घर सम्पन्न होते हैं और कर्ज घटता है।" --हेन

"गाय मनुष्य जाति की धात्रेय जननी है।"

--मिलो हेस्टिंग्स

"गाय चंद्रमा की जननी है।"

--पुरातन बेबीलन उक्ति

हमने रचनात्मक कार्य बहुत उठाये और यथाशक्ति कुछ काम किए भी हैं लेकिन हमें सबसे अधिक चित्तशुद्धि की आवश्यकता गोसेवा के काम में ही मालूम होती है। यह काम प्रेम-वृद्धि का काम है।

--विनोबा भावे।

केन्द्रीय गोसंवर्धन परिषद की ८वीं वार्षिक सामान्य सभा की सिफारिशें

१. तीसरी पंच वर्षीय योजना में गोपशु विकास को महत्व पूर्ण स्थान दिया जाय। ग्रामीण अर्थ व्यवस्था के अन्य क्षेत्रों के मुकाबले में गो-विकास कार्य पीछे नहीं रहना चाहिए। गोपशु के पुनः संस्थापन के लिये भारत सरकार और योजना आयोग से प्रार्थना की जाय कि पशु पालन के लिये कम से कम सौ करोड़ रुपया और मिली जुली खेती के लिये ४० करोड़ रुपया तीसरी योजना में रखा जाय।

२. गो-विकास की सफलता के लिये जनता का सक्रिय सहयोग आवश्यक है। भारत सरकार से प्रार्थना की जाय कि वह तीसरी योजना में समस्त किये जाने वाले विकास कामों पर विचार करने के लिये परिषद को मौका दे।

३. गो-पशु के उन्नत उत्पादन के लिये खाद्य और आहार के साधनों का बढ़ाया जाना आवश्यक है। तीसरी योजना में आहार विकास पर अधिक ध्यान दिया जाना चाहिये। गो आहार के उपयोग के लिये प्रचार और प्रदर्शन होने चाहियें।

४. तेल की खल और दूसरे आहारों के निर्यात की उदार नीति और पशु आहार के औद्योगिक उपयोग का गो-पशु और डेरी विकास कार्यक्रम पर उल्टा असर पड़ेगा। अतः भारत सरकार से प्रार्थना की जाय कि वह इस ओर संकुचित नीति से काम ले।

१९५९-६० में कृषि कार्य

पशु-पालन, डेरी, मत्स्य और वन कार्यों के क्षेत्र में प्रगति हुई। केन्द्र ग्राम योजना के अधीन १०७ कृत्रिम गर्भाधान केन्द्रों का विकास हुआ और १८८ नये केन्द्र खोले गए। ४५ केन्द्र ग्राम-विस्तार-क्षेत्र स्थापित हुए और १७,०४७ बछड़ों के पालने के लिए सहायता दी गई। पशु-आहार-साधनों का विकास हुआ और पशु और उनसे उत्पादित पदार्थों के क्रय विक्रय को भी प्रोत्साहन मिला।

दिल्ली दूध योजना का कार्य और मद्रास के निकट माधवरम दूध केन्द्र नवम्बर १९५९ में आरंभ हो गए। हरिंगाटा और कलकत्ता के निकट बन रही डेरी ने और भी प्रगति की। पूना गुंटूर, चंडीगढ़, गया, त्रिवेंद्रम, भोपाल, अगरतला और कोयम्बतूर में भी डेरी कार्य की प्रगति हुई। अमृतसर और राजकोट में दुग्ध पदार्थ कारखानों में, और बरोनी, जूनागढ़ और अलीगढ़ के ग्रामीण क्रीमरी स्थापना कार्य ने भी विकास किया।

(खाद्य-कृषि मंत्रालय की वार्षिक रिपोर्ट के आधार पर)

गो सं व र्ध न

विशेषांक

अक्तूबर १९६० में प्रकाशित हो रहा है

अतिरिक्त आवश्यकताओं के लिए लिखें।

—सम्पादक

गोसंवर्धन

(अंग्रेजी-हिन्दी सचित्र मासिक)

गोसंवर्धन में गोसंवर्धन तथा तत्संबन्धित विषयों जैसे प्रजनन-प्रणाली, पशुआहार, उन्नत गोवंश, डेरी तथा पशुपालन प्रणालो, चारे की फसलें तथा उसकी खेती, पशु-चारा तथा उसका उत्कृष्टतर उपयोग, अतिरिक्त घास तथा पशुचारे का संरक्षण, चरागाहों का सुधार, दूध तथा उसका उपयोग, डेरी-उद्योग का विकास, मवेशियों के रोग, रोगों पर नियन्त्रण तथा उनका उपचार, दूध का सहकारिता के आधार पर विक्रय, गोशालाओं तथा पिंजरापोलों का विकास, मुख्य ग्राम योजना, पशु-प्रदर्शनी, दुग्ध उत्पादन प्रतियोगिता, पशु-हाट, आदि पर लेख रहते हैं।

गोसंवर्धन किसानों, पशुपालकों, गव्यशाला के कार्य-कर्त्ताओं, पशु-चिकित्सकों, मुख्य ग्राम अधिकारियों, खंड विकास अधिकारियों, विस्तार कार्य-कर्त्ताओं, गोशालाओं तथा पिंजरापोलों के संचालकों तथा कृषि, पशु-चिकित्सा एवं डेरी के छात्रों के लिए पथ-प्रदर्शन का कार्य करता है। उपर्युक्त विषयों पर मौलिक लेख, प्राविधिक नोट, वैयक्तिक अनुभव, पशु प्रदर्शनी तथा पशु-मेले प्रतियोगिता, गोसंवर्धन-समारोह, गो-सम्मेलन आदि के संक्षिप्त विवरण सहायक सम्पादक, केन्द्रीय गोसंवर्धन परिषद, १६-ए आसफ़ अली रोड, नई दिल्ली के पते पर भेजने चाहिए। लेख हिन्दी या अंग्रेजी दोनों में से किसी एक भाषा में हो सकता है। लेख साफ़ कागज पर एक तरफ़ टाइप किया गया हो। दो पंक्तियों के बीच का व्यवधान दुगना हो। हो सके तो लेख के साथ तत्सम्बन्धित चित्र भी हों।

गोसंवर्धन में निम्नलिखित विषयों के विज्ञापनों को भी स्थान दिया जाता है—कृषि एवं गव्यशाला सम्बन्धी यन्त्र, पशु चिकित्सा से सम्बन्धित उपकरण, बागवानी के काम में आने वाले औज़ार, खाद एवं उर्वरक, पशु-चारा, पेटेण्ट तैयार की गई वस्तुएं, प्रयोगशाला के उपकरण, रासायनिक एवं भैषज्य-सम्बन्धी उत्पादन कीटाणुनाशक एवं छूत रोग निरोधक औषधियां, सिंचाई के यन्त्र तथा उपकरण, कुट्टी काटने का यन्त्र, घास की गांठें बनाने का यन्त्र, बाड़ के काम आने वाली वस्तुएं, बीज तथा पौधे, पशु-प्रदर्शनियां तथा मेले, गोशाला, कृषि एवं प्रजनन केन्द्रों के उपकरण, मवेशियों का क्रय-विक्रय, गव्यशाला में तैयार की गई वस्तुएं, प्रशिक्षण-पाठयक्रम, कृषि-सम्बन्धित पुस्तकें एवं पत्र-पत्रिकाएं, पशु-चिकित्सा तथा तत्सम्बन्धित अन्य विषय आदि।

चन्दा

वार्षिक	रु. ९.००,
एक प्रति	७५ नये पैसे

नोट: गोसंवर्धन का वार्षिक चन्दा ९ रुपये है। बैंक द्वारा भेजते समय इस चन्दे में बैंक चार्जेज़ शामिल करना अनिवार्य है। इसी तरह मनीआर्डर द्वारा पूरे ९ रुपया आना चाहिए। मनीआर्डर कमीशन ग्राहक को देना होगा

विज्ञापन की दर, एजेन्सी की शर्तें आदि के बारे में पूछताछ निम्नलिखित पते पर करें--

सेक्रेटरी,
केन्द्रीय गोसंवर्धन परिषद्,
१६-ए आसफ़अली रोड,
नई दिल्ली।

Regd. No. D. 817.

Practical helps for preventing

LIVESTOCK LOSSES

Experience has proven that certain practices greatly reduce the risk of loss in handling livestock.

Every effort is made to merit the continued confidence and patronage of our many friends in the livestock industry. Our constant aim is to supply dependable products of high standard quality at the lowest consistent prices and with prompt and courteous service.

You may rely implicitly upon any merchandise purchased from our company. Feel free to write us for items that are of interest to you.

All deliveries are subject to availability of stock.

We offer all that is best and latest in **INSTRUMENTS, APPLIANCES AND EQUIPMENTS** for use in **VETERINARY SURGERY, OBSTETRICS GYNAECOLOGY, ARTIFICIAL INSEMINATION** and **POULTRY HUSBANDRY.**

CIRUGIA DE LUX PRIVATE LTD.,

Head Office :
24, Chowringhee Road,
CALCUTTA-13

Branch Office :
Bombay Mutual Annexe Bldgs.,
IV Floor, Room No. 34,
17 Gunbow Street,
(Fort) BOMBAY-1

TELEPHONE : 23—5552

TELEPHONE : 26—3802

GRAM : "SURGIQUIP"

Printed and published by H. J. Makhijani, Secretary, Central Council of Gosamvardhana, New Delhi at The Zodiac Press, Tilak Marg, Delhi-6.